<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डा. सलीम की दुधारू हालिस्टन गाय रहीं सर्वोत्तम पशु

पंतनगर। 24 मार्च 2021। विश्वविद्यालय में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का 7 वर्गों में प्रदर्शन किया। इस पशु–प्रदर्शनी में डा. सलीम पुत्र श्री भूरे, किच्छा, की दुधारू हालिस्टन गाय को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया, जिसे अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान, डा. एन.एस. जादों ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु–प्रदर्शनी में कुल 24 पशु सम्मिलित हुए।

इस प्रदर्शनी में हालिस्टन बछिया वर्ग में श्री सुमित प्रसाद की बछिया, हालिस्टन गाभिन बछिया वर्ग में श्री राजेन्द्र प्रसाद की गाभिन बछिया, हालिस्टन गाभिन गाय वर्ग में श्री भुक्खल की गाय, हालिस्टन दुधारू गाय वर्ग में डा. सलीम की गाय, साहिवाल गाभिन गाय वर्ग में श्री इलियास की गाय तथा गो–वत्स वर्ग में श्री धर्मेन्द्र का गो–वत्स, प्रथम स्थान पर रहे। हालिस्टन दुधारू गाय वर्ग में श्री जय किशोर यादव की गाय, हालिस्टन गाभिन गाय वर्ग में राजा अली की गाय, हालिस्टन गाभिन बछिया वर्ग में श्री कन्हैया की बछिया, साहिवाल दुधारू गाय वर्ग में श्री भुट्टी यादव की गाय तथा गो–वत्स वर्ग में श्री अनिकेत का गो–वत्स द्वितीय स्थान पर रहे। इस पशु–प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा. एन.एस. जादों, एवं सह–संयोजक, डा. एस.सी. त्रिपाठी थे। निर्णायक मण्डल में डा. बी.एस. राजौरा, डा.संजय शर्मा, डा. आर.एस. बरवाल तथा डा. शिव प्रसाद, थे। इस कार्यक्रम के आयोजन में डा. अमित प्रसाद, डा. डी.वी. सिंह एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

डा. सलीम की दुधारू हालिस्टन गाय को रिबन बांधकर सर्वोत्तम पशु के रूप में सुशोभित करते अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा. एन.एस. जादों।